

## एक नजर में

## अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन 2026- योग्य जीवनसाथी की चाह में धार में जुटेंगे देशभर के युवक-युवती

**धार।** मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा धार द्वारा अग्रवाल समाज धार के सानिध्य में दो दिवसीय आयोजित अखिल भारतीय विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन धार स्थित श्रद्धा शगुन गार्डन में 10 से 11 जनवरी को होगा। सम्मेलन के लिए देश-विदेश से प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। परिचय सम्मेलन के लिए आगामी 10 व 11 जनवरी को होने वाले विवाह योग्य अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन की सम्पूर्ण रूपरेखा कर तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें योग्य जीवनसाथी की चाह लिए देशभर के युवक-युवती जुटेंगे। सुबह से शाम तक चर्चा का दौर चलेगा और कई रिश्ते तय होंगे। इस दौरान सामाजिक सरोकार की बात भी होगी। इस सम्मेलन से प्रत्याशियों और अभिभावकों को एक ही स्थान पर अलग-अलग शहरों के युवक-युवतियों को जानने और समझने का मौका मिलेगा। सम्मेलन के मुख्य संयोजक बबनलाल अग्रवाल, अनन्त अग्रवाल, मनोहरलाल अग्रवाल, सयोंजक गोपीकिशन अग्रवाल ने 35 से अधिक समितियों का गठन किया गया है। बाहर से आने वाले प्रत्याशियों और अभिभावकों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी निशुल्क की गई है। सम्मेलन स्थल पर कम्प्यूटर से कुंडली मिलान, पंडित से कुंडली मिलान, अभिभावक चर्चा कक्ष और युवक-युवती चर्चा कक्ष भी बनाए जाएंगे।स्मारिका में प्रकाशित करने के लिए काफी विज्ञापन आ चुके हैं। यह परिचय सम्मेलन जिले में ऐतिहासिक होगा। अभी तक 10 राज्यो से 500 से अधिक अविवाहित युवक एवं 300 से अधिक युवतियों के सैकड़ों बायोडाटा आ चुके हैं जिसमे अधिकांश डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए, सीए, एमसीए जैसे उच्च शिक्षित एवं स्वयं के रोजगार में स्थापित प्रत्याशी शामिल हैं आयोजन में युवक-युवतियां मंच से अपना परिचय देंगे। परिचय सम्मेलन के लिए पूरा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सम्मेलन के पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं एवं पदाधिकारियों को अपनी-अपनी ड्यूटी बांट दी गई है। यहां युवक-युवतियों के अभिभावक यदि परिवारों से वार्तालाप करना चाहेंगे तो उनके लिए कैबिननुमा व्यवस्था भी रहेगी। साथ ही आयोजकों द्वारा बाहर से आने वाले समाजजन के लिए अलग से व्यवस्था भी की जा रही है। साथ ही समिति द्वारा 50 वर्ष से ऊपर विवाह वर्षगाठ वाले जो?ो का सम्मान किया जाएगा।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अशोक मित्तल एवं श्याम मंगल लेबड ने दी।

## एक नजर में

## पार्षद पुत्र के ऑफिस में तोड़फोड़ का आरोपी धराया

**इंदौर .** बाणगंगा क्षेत्र में पार्षद पुत्र के ऑफिस पर तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने वाला शातिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गया है. आरोपी ने



उज्जैन में महाकाल सवारी पर थूकने के मामले में राजीनामा कराने के लिए धमकी दी थी. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि ग्राम नजरपुर थाना घटिया जिला उज्जैन निवासी शाहरुख उर्फ जलील पिता सलीम, उम्र 25 वर्ष, अपने साथियों के साथ बाणगंगा क्षेत्र स्थित मासूम जायसवाल के ऑफिस पहुंचा था. वहां तोड़फोड़ कर आरोपी ने धमकाया था कि यदि महाकाल सवारी से जुड़े प्रकरण में आरोपियों के पक्ष में राजीनामा नहीं किया तो जान से खत्म कर देगा. घटना के बाद पुलिस ने शाहरुख और उसके साथियों सौरभ, गोलू और विनोद के खिलाफ मामला दर्ज किया था. तीन आरोपियों को घटना के बाद ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि फरार चल रहा शाहरुख अब पुलिस के हत्थे चढ़ा है. हालांकि, गिरफ्तारी के दौरान भागने की कोशिश में वह गड्ढे में गिर गया, जिससे उसके पैर में चोट आई. थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ उज्जैन और बाणगंगा थानों में पहले से कई अपराध दर्ज हैं.

## किसानों ने किया तहसील कार्यालय का घेराव



**महू .** तहसील महू की ग्राम पंचायत भगोरा के किसानों ने मंगलवार को तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया. उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर नर्मदा माइक्रो सिंचाई परियोजना से पानी न मिलने की शिकायत की. किसान पिछले दो साल से पानी से वंचित हैं. पूर्व में किसानों ने क्षतिग्रस्त पाइप लगाने के लिए रोका भी था. इसके बाबजूद ठेकेदार बोला था कि अभी लगाओ, लीकेज होने पर बाद में देखेंगे. फिर भी जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं. प्रदर्शनकारी किसानों का आरोप है कि उन्हें लगातार लाइन लीकेज का बहाना बताया जा रहा है और सुधार कार्य का आश्वासन दिया जा रहा है. जबकि हरसोला, दतोदा, मेमदी, अंबाचंदन और सिमरोल जैसे आसपास के गांवों को यह पानी नियमित रूप से मिल रहा है. किसान लोकेश वर्मा ने बताया कि दो साल से यही जवाब मिलने के कारण किसान खुद को भेदभाव का शिकार महसूस कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि पानी की अनुपलब्धता के कारण भगोरा गांव के किसानों की फसलें सूखने लगी हैं. किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने का निवेदन किया है, ताकि उनकी सूखती फसलों को बचाया जा सके.

## शिक्षा शिखर स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन



**महू .** शिक्षा शिखर विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया. इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम वासुधैव कुटुंबकम (विश्व एक परिवार है) रखी गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल गौतम चौहान डिप्टी कमांडेंट इन्फेंट्री स्कूल उपस्थित रहे. अतिथि के रूप में कर्नल प्रेमआनंद के, कर्नल मनोजीत सिन्हा, स्कूल के डायरेक्टर कैप्टन अशोक माहेश्वरी और प्रिंसिपल ज्योति माहेश्वरी मौजूद थे. दीप प्रज्जवलन के बाद स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की थीम के अनुरूप बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं. बच्चों ने माता-पिता और दादा-दादी के प्रति सम्मान और प्रेम को दर्शाते हुए बेहद भावुक नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने दर्शकों की आंखों को नम कर दिया. प्रिंसिपल ज्योति माहेश्वरी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की. मेजर जनरल गौतम चौहान, करनल प्रेमानंद के, करनल मनोजित सिन्हा ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया. अंत में स्कूल के डायरेक्टर कैप्टन अशोक माहेश्वरी ने आभार व्यक्त किया.

# बीज की लेट वेरायटी देकर किसानों के साथ धोखाधड़ी

- अमायरा कंपनी का मटर बीज किसानों के लिए बना मुसीबत
- किसानो ने लगाई कलेक्टर साहब से न्याय की गुहार
- सावरिया किसान बाजार राजोद पर किसानो ने लगाये आरोप



**लाबरिया/धार । भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से आज उनके सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।**

किसान को %अन्नदाता% कहा जाता है क्योंकि वह दिन-रात कड़ी मेहनत करके पूरे देश के लिए भोजन उपलब्ध कराता है। वे ग्रामीण जीवन के स्तंभ हैं और उनकी मेहनत पर ही हमारा अस्तित्व निर्भर करता है।

किसान का जीवन सादगी और कठिन परिश्रम का उदाहरण है। वह धूप, गर्मी, क?ाके की ठंड या भारी बारिश की परवाह किए बिना खेतों में काम करता है। सुबह सूरज उगने से पहले ही उसकी दिनचर्या शुरू हो जाती है और फसल की सुरक्षा के लिए वह रातों को भी जागता है।

भारत की लगभग आधी आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है। किसान न केवल हमारे लिए अनाज पैदा करते हैं, बल्कि उद्योगों के लिए भी बहुत चीजे उपलब्ध कराते हैं। देश की जीडीपी में कृषि क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है

मामला सरदारपुर तहसील के ग्राम बरमंडल के किसानो का हैं जिनके द्वारा खेती हेतु अमायरा कंपनी की मटर बीज जो कि राजोद के सावरिया किसान बाजार से ली गई जिसमे उन्हें पहले तो बीज के बारे में 55 दिन वाला मटर बीज बताकर बेचा गया और फिर क़रीब 75 दिन होने पर भी किसान के खेत में मटर बीज तैयार नहीं हो पाया जिससे किसान दूसरी फसल भी नहीं कर पाया और किसान धोखाधड़ी का शिकार होना पता चला

किसान झमक कुमावत मुकेश कुमावत निवासी बरमंडल ने बताया की सावरिया किसान बाज़ार राजोद से अमायरा कंपनी की 55 दिन वाला बीज मटर खरीदा था जो की 75 दिन होने के बाद भी फसल तैयार नहीं हुई जिससे हमारी आगामी फसल लेट हुई और बाजार में हरे मटर के दाम से भी हम वंचित रहे उसके बाद हमारे द्वारा डीलर सावरिया वाले को फ़ोन लगाया तो आनाकानी करने लगा और हमे बोला के बीज हमारे घर नहीं बनता कंपनी जाने जिससे परेशान होकर हमारे द्वारा धार कलेक्टर महोदय, उद्यानिकी और कृषि विभाग को आवेदन के माध्यम से अवगत करवाया गया तथा निवेदन किया की हमे खाद बीज और दवाई की राशि दिलाई जाए और कंपनी और डीलर पर 420 का प्रकरण दर्ज किया जाए

अब देखना यह होगा की किसानो के साथ हुई धोखाधड़ी पर जिम्मेदार अधिकारी कितनी तत्परता दिखाते हैं या मामले में ढील देते है !!!! क्युकी किसान ने न्याय के लिए संबंधित विभाग और प्रशासन से गुहार तो लगाई है पर उनके लिए यह मुसीबत तो बड़ी हे

### किसान संगंठन ने मामले में संज्ञान लिया

किसान संगठन के जिला महासचिव जीवन पाटीदार द्वारा उक्त किसानों से चर्चा कर इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने और डीलर से दूरभाष पर चर्चा करने के साथ ही कृषि विभाग और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से भी चर्चा की तथा जल्द ही इस मामले में सुचारु कार्रवाई की जाए अन्यथा किसान संगठन आगे की ओर अग्रसर रहेगा कृषि विभागको आदेश कर दिया गया है टिम बना कर जाच की जाएगी जिले के फ़सलो के वैज्ञानिकों को सूचित कर दिया है जाँच करेंगे

**एस आर मुजल्दा ***
**वरिष्ठ उधनिकी अधिकारी ***

मामला मेरे संज्ञान में है वैज्ञानिक साहब को अवगत कराया है जल्द ही किसानो के यहाँ फील्ड विजिट करके जाँच करेंगे कारवाई की जाएगी

**राजेश बर्मन**
***sado* सरदारपुर**

# अगामी त्योहारों को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित

- सभी अपने अपने पर्व उत्साह उमंग से मनाए - तहसीलदार मालवीया





**बाग** - अगामी त्योहारों को देखते हुए बाग पुलिस थाने पर शांति समिति की बैठक एसडीओपी सुनील गुप्ता तहसीलदार मुकेश मालवीया एवं सब इंस्पेक्टर प्रमिला जमरे की उपस्थिति में सम्पन्न हुई । बैठक में तहसीलदार मुकेश मालवीया एवं एसडीओपी सुनील गुप्ता ने त्योहारों को लेकर गई आप कहा की त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ में मनाए त्योहार खुशियां स्नेह और प्रेम लेकर आता है उसे उसी उत्साह उमंग के साथ मनाए कोई भी आपत्ती परेशानी आने पर आप कोई नहीं उलझे पुलिस में सुचना करें । ओर बड़े ही शांति के साथ अपने अपने त्योहार उत्साह से मनाए साथ ही तहसीलदार ने सोशल मीडिया पर कोई भड़काऊ एवं अनर्गल पोस्ट शेयर ना करे अगर आपके पास कहीं से आती भी हे तो उसे अपने पास ही रखे आगे शेयर ना करें । खासकर वाटसफ ग्रुप के जितने भी एडमीन हे वह सतर्क रहै कोई ग़लत पोस्ट डली तो सिने ग्रुप एडमीन पर कार्यवाही होगी पुलिस की सायबर सहित पुलिस की निगाह पुरी सोशल मीडिया पर है

इस शांति समिति में आए गणमान्य नागरिक सहित पत्रकारों ने नगर की ट्राफिक व्यवस्था विजय स्तंभ पर बकरा बकरी मंडी एवं तेज रफ्तार बाइक सवारों पर अंकुश लगाने सहित चायना डोर को लेकर दुकानदारो को हिदायत के साथ जांच करे कहा चायना डोर बिक रही है उस पर प्रतिबंध लगाकर बैठना बंद करवाने की बात रखी जिस पर सभी को आश्वस्त करते हुए एसडीओपी सुनील गुप्ता ने कहा जल्दी ही चायना डोर को लेकर दुकानदारों को हिदायत दी जाएगी और साथ ही तेज बाइक रफ्तारों पर कार्रवाई करने की बात कही ।



## धार न्यायालय विभाग से अशोक डांवर सेवानिवृत्त पर साफा बांधकर स्वागत किया

**सरदारपुर।** धार न्यायालय विभाग में पदस्थ और पूर्व नपं अध्यक्ष कैलाश डांवर के छोटे भाई अशोक डांवर निवासी सरदारपुर, बुधवार को धार न्यायालय विभाग से सेवानिवृत्त हो गए। पूर्व नपं अध्यक्ष बृजेश ग्रेवाल के नेतृत्व में डांवर के सेवानिवृत्त होने पर दोपहर 4 बजे नगर के पंचमुखी चौराहा टंट्या मामा प्रतिमा स्थल पर इनके इष्ट मित्रों, परिवार जन आदिवासी समाजजनो द्वारा साफा बांधकर, पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इसके पहले सेवानिवृत्त डांवर ने टंट्या मामा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। डांवर को घोडी पर बैठाकर ढोल धमाके के साथ आतिशबाज़ी करते हुए नगर भ्रमण करवाते हुए उनके निवास स्थान टंकीपुरा बस्ती पहुंचे जहां बस्तीवालो ने स्वागत किया। पूर्व नपं अध्यक्ष बृजेश ग्रेवाल, सेवानिवृत शिक्षक भारतसिंह खराड़ी, हिन्दूसिंह कटारे, शैतानसिंह चौहान, मुकेश मिश्रा, बालुसिह बारिया, जीवन गिरवाल, कैलाशचन्द्र डाबी सहित बड़ी संख्या में समाजजन कर्मचारी समाजजन शामिल हुए।

## धर्म ग्रंथों को समझना हो तो उनकी गहराई में जाना पड़ेगा : भारती दीदी

**मनावर।** धार रोड स्थित खंडेलवाल मांगलिक भवन परिसर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा केंद्र के रजत जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता प्रवचन का दौर जारी है।

प्रवचन के चतुर्थ दिवस कटनी से पधारी कथावाचिका ब्रह्माकुमारी भारती दीदी जी ने कल्पवृक्ष के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए कहा कि वास्तविकता में कल्पवृक्ष संपूर्ण सृष्टि का केंद्र बिंदु है । उन्होंने धर्म ग्रंथो के महत्व को प्रतिपादित करते हुए बताया कि अगर धर्म ग्रंथो को समझना है तो उनकी गहराई में जाना पड़ेगा ।क्योंकि धर्म ग्रंथ इतने साधारण नहीं है। परमात्मा को जानना इतना आसान नहीं है क्योंकि भगवान ने गीता में कहां है कि तुम मुझे जहां ढूंढ रहे हो मैं वहां हु ही नहीं।

ईश्वर हम सब की आत्मा में बसे हुए हैं। ईश्वर को ढूंढना हो तो स्वयं की आत्मा में ही ढूंढना होगा। प्रवचन के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार विश्वदीप मिश्रा, विशेष अतिथि साहित्यकार स्वप्निल शर्मा, कौशिक पंडित, नगर पालिका पूर्व दरोगा रमेश सोलंकी, उमरबन की कवयित्री रश्मि श्रीमाली, योगेश भाई, गोदावरी बहिन ने श्रीमद् भागवत गीता जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

रात्रि कालीन कार्यक्रम में स्वरागिनी गायन ग्रुप द्वारा भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। बीके भारती दीदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वरागिनी गायन ग्रुप के अध्यक्ष संदीप जाजमे, योगिता उपाध्याय, राजा पाठक, संतोष बागेश्वर, यशस्वी जाजमे, कैलाश मंडलोई, ललिता वर्मा, राकेश पुरोहित, कालूराम कुड़िया, सुमित कुर्मी दमोह, लालू भाई अलीराजपुर, बीके शिल्पा दीदी हरियाणा ने देर रात तक भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कवियत्री रश्मि श्रीमाली ने रचना पाठ किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का संचालन विश्वदीप मिश्रा ने किया।

# पांच दिवसीय बाल शिक्षण संस्कार शिविर का आयोजन

- धर्म, संस्कार और नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया जाएगा



**मनावर। श्वेतांबर जैन समाज द्वारा महावीर भवन में पांच दिवसीय क्षमता संस्कृर शिविर का आयोजन किया गया। ठंड की बढ़ती ठिठुरन में स्कूलो के शीतकालीन अवकाश के दौरान आ 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 6 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को दोपहर 1ः00 बजे से 4ः00 बजे तक धर्म, संस्कार और नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया जाएगा। शिविर के दौरान बच्चों के लिए मोबाइल का पूर्ण त्याग रहेगा। प्रतिदिन कम से कम पांच समय और संचित जल के त्याग जैसे नियम निर्धारित किए गए हैं।**

मंजु काकरेचा ने बताया कि यह शिविर परम पूज्य आचार्य भगवान 108 श्री रामलाल जी महाराज साहब एवं बहूश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि जी महाराज साहब के पावन प्रेणा से ज्योतिषाचार्य दिव्या चंद जी महाराज ने नवकार मंत्र के पाठ से शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य नन्हे बच्चों को धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ बड़ों को आदर करना भी सीखना है। उन्होंने बताया कि यह पांच दिवसीय बाल शिक्षण संस्कार शिविर पहली बार आयोजित किया गया रहा है। जिसका लक्ष्य बच्चों में बचपन से ही जैन धर्म संस्कार और सिद्धांतों को रोपीत करता है।

मुनि श्री ने कहा कि नव वर्ष के अवसर पर कई परिवार में अपने बच्चों के साथ घूमने जा रहे हैं। ऐसे में समाज द्वारा बच्चों को संस्कार देने का यह निर्णय सकल श्री संघ जैन समाज और महिला मंडल की एक अनुकरणीय पहल है। इस आयोजन में बच्चों को न केवल जैन धर्म की बुनियादी शिक्षा दी जाएगी, बल्कि उन्हें जीवन में नैतिकता सेवा और परोपकारी के मूल्य से भी अवगत कराया जाएगा। शिविर में बड़ी संख्या में समाज के बच्चे शामिल हुए।

सारीका नवलखा, सपना ओरा, नीता नवलखा, ज्योति खटोड़, स्वाती ओरा, खुशबु काकरेचा, दिपिका नवलखा ने बच्चों को जैन धर्म संस्कार और नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया।

## एक नजर

### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुक्षी में हुआ आयोजन

# पुरातन भारतीय संस्कृति से परिचित कराते हैं सांस्कृतिक आयोजन : मुझाल्दे





**कुक्षी।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिभा प्रकाशन का मंच होते हैं । अपने अन्दर मौजूद प्रतिभा को मंच के माध्यम से प्रदर्शित कर विद्यार्थी अपनी दक्षता को सार्वजनिक करते हैं । अध्ययन के साथ- साथ मानसिक व शारीरिक विकास के लिए शालेय गतिविधियों का अपना महत्व होता है । आपने कहा कि आगे बढ़ने के लिए सोच ऊंची होनी चाहिए । प्राप्त अवसर को सफलता में परिणित करें । शिक्षक संपूर्ण क्षमता के साथ समान शिक्षा प्रदान करते हैं विद्यार्थी उसमें से जितना अधिक ग्रहण करते हैं सफलता का प्रतिशत उतना अधिक होता है । उक्त विचार परियोजना प्रशासक आशाराम मुझाल्दे ने एकीकृत शाला शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुक्षी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए । कार्यक्रम में सहायक परियोजना प्रशासक रमेशचन्द्र चौहान ने कहा कि विद्याध्यन विद्यार्थी का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए किन्तु सर्वांगीण विकास के लिए गतिविधियों में भागीदारी कर अपनी प्रतिभा भी दिखाना चाहिए । कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा तथा मंडल संयोजक जनजातीय कार्य विभाग दिनेश कुमार नागराज ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । स्वागत भाषण प्रभारी प्राचार्य नरेन्द्र कुमार सिर्वी ने दिया आभार श्रीमती कविता मुकाती ने माना तथा संचालन मनोज साधु ने किया ।

पुष्पहारों से स्वागत पी एल बर्फा , बी एल गेहलोत , लक्ष्मणसिंह जामोद , दिनेश डावर , अनिता एस्के , वीरूसिंह भिड़े , नीतेश गोयल , जगदीशचन्द्र गुप्ता, दीपक मालवीया , राकेश अलंसे , दिलीपसिंह चौहान , प्रतापसिंह मुझाल्दा , दुर्गा जामोद , महेश वास्के , सुनिता बघेल , छात्रा परिषद अध्यक्ष राजनंदिनी सोलंकी , स्वागत सचिव जीविका माली , सांस्कृतिक सचिव नीलम लाहौर सह सचिव सुषमा कन्नौज , अनुशासन सचिव सोहा मंसूरी आदि ने किया । निर्णायक मण्डल में वर्षा साधु , कुसुमसिंह तथा सोहन बृजवासी शामिल थे ।